**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2328**

**08 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए**

## इस्पात उत्पादन के लिए स्क्रैप का इस्तेमाल

2328. श्री रवनीत सिंहः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार लौह अयस्क के बजाय स्क्रैप से इस्पात का उत्पादन बढ़ाने के उपाय कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस्पात-स्क्रैप के आयात पर शुल्क कम करने के उपाय कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात और खान राज्य मंत्री** **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): जी, नहीं। इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार एक सुविधाजनक भूमिका निभाती है। इस्पात उत्पादन सुविधाओं के लिए प्रौद्योगिकी/रूट के चयन का निर्णय परियोजना प्रवर्तकों द्वारा मूल कच्ची सामग्रियों की उपलब्धता और अन्य वाणिज्यिक/वित्तीय घटकों इत्यादि पर विचार करके लिया जाता है।

(ग) और (घ): इस्पात स्क्रैप इत्यादि के आयात पर 2.5 प्रतिशत नाम मात्र का सीमाशुल्क लगाया जाता है।

***